ALIVE NEWS

अलाईव न्यूज

Any Enquiry Cont. : 0129-4070270

खबर वही, जो जिंदा रहे!

Vol. 12 Issue No. 13 Faridabad (NCR) Tuesday, 01-15 August 2023 Rate : 5 /- RNI No. : HARBIL/2012/45536 Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/21-23 Page : 8

शुभकामना संदेश

आप सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं को **स्वतंत्रता दिवस** और **रक्षाबंधन** के पावन अवसर पर **अलाईव न्यूज** परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

तिलक राज शर्मा
संपादक





चाइल्ड काउंसलर बनकर संवारें अपना भविष्य

एक चाइल्ड काउंसलर के पास संभावनाओं की कमी नहीं है। वह स्कूल से लेकर हॉस्पिटल्स तक में काम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न एनजीओ व बच्चों के लिए काम कर रही संस्थाओं में उनकी आवश्यकता होती है। वहीं आप स्पेशल स्कूल्स या बाल सुधार गृह में भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

आज के तनावपूर्ण जीवन में सिर्फ बड़े ही नहीं, बल्कि बच्चे भी कई तरह की परेशानियों जैसे माता-पिता व अन्य लोगों से रिश्ते, एग्जाम प्रेशर व पीयर प्रेशर आदि से दो-चार होते हैं। यहां सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि वह अपनी परेशानी किसी से शेयर नहीं करते और कई बार तो अपनी परेशानियों को मन में ही रखने के कारण वह अवसादग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में उनकी परेशानियों को समझकर उन्हें अंधेरे से निकालकर उजाले में लाने का काम करते है चाइल्ड काउंसलर। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पर व्यक्ति को दूसरों की सहायता करके एक अजीब सी संतुष्टि का अनुभव होता है।

क्या होता है काम

एक चाइल्ड काउंसलर बच्चों के व्यवहार और भावनात्मक मुद्दों पर उनकी सहायता प्रदान करते हैं। साथ ही वह बच्चों के डेवलपमेंट मुद्दों जैसे चिंता, नींद, पर्सनैलिटी डिसआर्डर व ईटिंग डिसआर्डर को भी दूर करते हैं। उनका मुख्य काम पहले बच्चों के साथ एक रिश्ता विकसित करना होता है ताकि वह अपने मन की उन बातों को भी साझा करें, जिसे वह किसी से भी नहीं कह पाते। इसके बाद वह उनकी बातों को सुनकर व उसके हाव-भावों के जरिए उसके मन की परेशानी को गहराई से समझते हैं। वह न सिर्फ बच्चों को काउंसिल करता है, बल्कि समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए पैरेंट्स को भी काउंसिल करते हैं। जिससे माता-पिता बच्चों के मन की बात समझकर उनके लिए सपोर्ट सिस्टम बन सकें।

स्किल्स

जो लोग एक सफल चाइल्ड काउंसलर बनना चाहते हैं, उनमें कम्युनिकेशन स्किल्स व इंटरपर्सनल स्किल्स काफी अच्छे होने चाहिए। इसके अतिरिक्त उसमें बच्चे को आसानी से सहज करने व बेहतरीन तालमेल बिठाने की भी क्षमता होनी चाहिए। अगर आप सच में एक बेहतरीन चाइल्ड काउंसलर बनने की इच्छा रखते हैं तो आपको तटस्थ व निष्पक्ष होकर बच्चे की बातों को सुनना व समझना चाहिए। अधिकतर बच्चे अपने दोस्तों या माता-पिता को महज इसलिए अपनी बात नहीं बताते क्योंकि उन्हें लगता है कि वह उनकी बात नहीं समझेंगे या फिर उन्हें गलत समझेंगे। ऐसा अनुभव उन्हें चाइल्ड काउंसलर की बातों से नहीं होना चाहिए। आपके भीतर यह क्षमता होनी चाहिए कि आप बच्चों को यह विश्वास दिला सके कि आप उनकी बातों को सुनेंगे, जज नहीं करेंगे।

योग्यता

इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए 12वीं के बाद साइकोलॉजी में बैचलर डिग्री कर सकते हैं। साइकोलॉजी में ग्रेजुएशन करने के बाद आप साइकोलॉजी में मास्टर डिग्री या पीजी डिप्लोमा इन गाइंडेस व काउंसिलिंग कर सकते है। इसके बाद एमफिल या पीएचडी भी की जा सकती है।

संभावनाएं

एक चाइल्ड काउंसलर के पास संभावनाओं की कमी नहीं है। वह स्कूल से लेकर हॉस्पिटल्स तक में काम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न एनजीओ व बच्चों के लिए काम कर रही संस्थाओं में उनकी आवश्यकता होती है। वहीं आप स्पेशल स्कूल्स या बाल सुधार गृह में भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं। वहीं आप खुद का सेंटर भी खोलकर काम कर सकते हैं।

आमदनी

अगर वेतन की बात की जाए तो इसमें सैलरी से अधिक मानसिक संतुष्टि को महत्व दिया जाता है। वहीं एक स्कूल में नियुक्त काउंसलर 15000 से 20000 रूपए प्रतिमाह कमा सकता है। वहीं एक अनुभवी चाइल्ड काउंसलर की सैलरी एक बड़े स्कूल में 25000 से 30000 तक हो सकती है। इसके अतिरिक्त अगर आप किसी प्रतिष्ठित प्राइवेट हॉस्पिटल में काम कर रहे हैं तो आपकी सैलरी 30000 या उससे अधिक हो सकती है।

प्रमुख संस्थान

- दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- अंबेडकर यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- पंजाब यूनिवर्सिटी, पंजाब
- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ काउंसिलिंग, नई दिल्ली

नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नौकरी के अवसर और स्कोप

नैनोटेक्नोलॉजी टेक्नोलॉजी की एक ब्रांच होती है। यह अत्यंत छोटी चीजों के अध्ययन से संबंधित है और इसका उपयोग अन्य सभी विज्ञान क्षेत्रों, जैसे कि रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग में किया जा सकता है।

नैनोटेक्नोलॉजी क्या होती है?

नैनोटेक्नोलॉजी विज्ञान और प्रौद्योगिकी का वह फील्ड है जिसमें नैनोकणों और सामग्रियों को विकसित किया जाता है, जिनका आकार नैनोमीटर की सीमा के भीतर होता है। नैनोटेक्नोलॉजी एक उभरता हुआ क्षेत्र है जो लगभग हर तकनीकी अनुशासन - रसायन विज्ञान से लेकर कंप्यूटर विज्ञान तक - अत्यंत सूक्ष्म सामग्रियों के अध्ययन और अनुप्रयोग में संलग्न है। यह अकादमिक और शोध से संबंधित शीर्ष रैंक वाले विषयों में से एक है। नैनोटेक्नोलॉजी टेक्नोलॉजी की एक ब्रांच होती है। यह अत्यंत छोटी चीजों के अध्ययन से संबंधित है और इसका उपयोग अन्य सभी विज्ञान क्षेत्रों, जैसे कि रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग में किया जा सकता है। यह हमारे जीवन में क्रांति लाने और कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण और चिकित्सा में हमारी समस्याओं के तकनीकी समाधान प्रदान करने की विशाल क्षमता के साथ अनुसंधान के क्षेत्र का तेजी से विस्तार कर रहा है।

मास्टर पाठ्यक्रम

- नैनोटेक्नोलॉजी में एमएससी
- नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एमएससी
- नैनोटेक्नोलॉजी में एमटेक
- सामग्री विज्ञान और नैनो प्रौद्योगिकी में एमटेक
- नैनो प्रौद्योगिकी और नैनो सामग्री में एमटेक

डॉक्टरेट पाठ्यक्रम

- नैनोटेक्नोलॉजी में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी
- नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी

नैनोटेक्नोलॉजी डिग्री क्या है?

यह भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और आणविक जीव विज्ञान के साथ एक बहु-विषयक प्राकृतिक विज्ञान पाठ्यक्रम है।

पाठ्यक्रम और पात्रता

नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में शिक्षा स्नातकोत्तर स्तर और डॉक्टरेट स्तर पर प्रदान की जाती है। भारत में कोई भी संस्थान नैनोटेक्नोलॉजी में स्नातक पाठ्यक्रम प्रदान नहीं करता है। मैटेरियल साइंस, मैकेनिकल, बायोमेडिकल, केमिकल, बायोटेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर साइंस में बीटेक डिग्री या भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीवन विज्ञान में बीएससी रखने वाले उम्मीदवार नैनो टेक्नोलॉजी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। नैनोटेक्नोलॉजी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीवन विज्ञान में बीएससी या सामग्री विज्ञान / यांत्रिक / जैव चिकित्सा / रसायन / जैव प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स / कंप्यूटर विज्ञान में बीटेक उत्तीर्ण होना चाहिए।

पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवार को मैकेनिकल, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस आदि में एमटेक या फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैटेरियल साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस आदि में एम.एससी पास होना चाहिए। उम्मीदवार 5 साल की अवधि के लिए नैनो टेक्नोलॉजी (डुअल डिग्री) में बीटेक + एमटेक भी चुन सकते हैं।

नैनोटेक्नोलॉजी का स्कोप क्या है?

आने वाली पीढ़ियों में इसका बहुत बड़ा स्कोप है। आईटी और इंटरनेट की तुलना में यह तीसरा सबसे अधिक फलता-फूलता क्षेत्र है। भारत में बैंगलोर और चेन्नई आईटी और मेडिसिन के विनिर्माण केंद्र हैं। भारत सरकार ने पहले ही नैनोसाइंस और नैनो टेक्नोलॉजी और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग जैसी विभिन्न फंडिंग एजेंसियों को शुरू कर दिया है।

नैनोटेक्नोलॉजी के लिए करियर विकल्प क्या हैं?

नैनोटेक्नोलॉजी में विशेषज्ञ या वैज्ञानिकके के रूप में नौकरी मिल सकती है। जिन क्षेत्रों में नैनोटेक्नोलॉजिस्ट रोजगार की तलाश कर सकते हैं उनमें जैव प्रौद्योगिकी, कृषि, भोजन, आनुवंशिकी, अंतरिक्ष अनुसंधान, चिकित्सा आदि शामिल हैं। राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान आदि में भी नौकरी के अवसर उपलब्ध हैं। पीएचडी वाले उम्मीदवार विश्वविद्यालयों और कॉलेजों या अनुसंधान क्षेत्रों में संकाय सदस्यों के रूप में भी शामिल हो सकते हैं।

नैनोटेक्नोलॉजी में जॉब रोल्स क्या हैं?

- नैनोटेक्नोलॉजिस्ट
- वैज्ञानिक
- शोधकर्ता
- प्रोफेसर
- खाद्य वैज्ञानिक
- इंजीनियर चिकित्सा वैज्ञानिक

उद्योग / कंपनियां / जो इन पेशेवरों को नियुक्त करते हैं :

- इलेक्ट्रॉनिक्स / सेमीकंडक्टर उद्योग
- विनिर्माण उदयोग
- जैव प्रौद्योगिकी
- दवाइयों
- चिकित्सा क्षेत्र
- पर्यावरण
- विश्वविद्यालयों
- उत्पाद आधारित कंपनियां (खाद्य)
- अनुसंधान प्रयोगशाला

वेतन

फ्रेशर के लिए लगभग 20,000/- से 30,000 रुपये प्रति माह और अनुभवी उम्मीदवारों के लिए 1 लाख रुपये प्रति माह के वेतन की उम्मीद की जा सकती है।

नैनोटेक्नोलॉजी ऑफर करने वाले भारत के शीर्ष कॉलेज :

- भौतिकी विभाग, आईआईएससी, बैंगलोर
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
- नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी स्कूल, एनआईटी, कालीकट
- एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो-टेक्नोलॉजी, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा

सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस सेक्रेटरी से मैनेजर तक

सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस या ऑफिस मैनेजमेंट और पर्सनल सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस कोर्स करके आप महत्त्वपूर्ण पदों पर बैठे अधिकारियों के पर्सनल सेक्रेटरी बनने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए अनेक शॉर्ट टर्म और डिग्री कोर्स उपलब्ध हैं।

वैश्वीकरण के बाद जिस तेजी से ऑफिस की कार्यप्रणाली और स्वरूप बदला है, ऑफिस सेकेट्ररी और पर्सनल सेक्रेटरी की भूमिका भी अहम होती जा रही है। सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस या ऑफिस मैनेजमेंट और पर्सनल सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस कोर्स में दाखिला लेकर आप ऑफिस सेकेट्ररी या पर्सनल सेकेट्ररी बन कर एक अच्छा करियर बना सकते हैं। ऑफिस सेकेट्ररी किसी ऑफिस में प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों को मैनेज करने में अहम भूमिका निभाता है। महत्त्वपूर्ण पदों पर बैठे व्यक्तियों के पर्सनल सेक्रेटरी बन कर आप उनके डेली रूटीन तथा ऑफिस शड्यूल को मैनेज करते हैं। देश के विभिन्न विश्वविद्यालय और प्राइवेट संस्थान सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस या ऑफिस मैनेजमेंट और सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस में शॉर्ट टर्म डिप्लोमा तथा डिग्री कोर्स ऑफर करते हैं।

योग्यता तथा पढ़ाई

शॉर्ट टर्म कोर्स में प्रवेश लेने के लिए दसवीं तथा कुछ संस्थानों के लिए बारहवीं पास होना आवश्यक है। इस क्षेत्र में आगे की पढ़ाई मसलन डिग्री तथा डिप्लोमा कोर्स करने के लिए बारहवीं पास होना अनिवार्य योग्यता है। इन कोर्सों के लिए अच्छी कम्युनिकेशन स्किल का होना अतिआवश्यक है। इन कोर्सों का मुख्य उद्देश्य छात्र को सेक्रेटरी के उत्तरदायित्वों को समझाना, सेक्रेटेरियल कार्यों के लिए गुणों का विकास करना, संगठन या ऑफिस की कार्यप्रणाली को समझाना तथा कंप्यूटर, इंटरनेट, फैक्स आदि ऑफिस में प्रयोग होने वाले उपकरणों को ऑपरेट करना सिखाया जाता है। शॉर्ट टर्म कोर्स में शॉर्ट हैंड, टाइपराइटिंग, कंप्यूटर बेसिक्स, बिजनेस कम्युनिकेशन तथा पर्सनेलिटी डेवलपमेंट विषय पढ़ाए जाते हैं। लेकिन डिप्लोमा तथा डिग्री कोर्सो में इन विषयों के अलावा मैनेजमेंट, अकाउंट, कंपनी लॉ और बैंकिंग सर्विसेज विषयों के बारे में जानकारी दी जाती है।

संभावनाएं

कोर्स करने के बाद सरकारी तथा प्राइवेट क्षेत्रों में सभी तरह के दफ्तरों में सेक्रेटरी की जॉब मिलती है। लेकिन हाल में मल्टीनेशनल, पब्लिक सेक्टर कंपनियों तथा होटल्स में स्किल्ड सेकेट्ररी और ऑफिस सेकेट्ररी के जॉब की अपार संभावनाएं हैं। बैकों, वित्तीय संस्थानों, लॉजिस्टिक फर्म तथा ट्रैवल एजेंसी में भी सेक्रेटरी के रूप में जॉब कर सकते हैं। अपनी योग्यता तथा अनुभव से आप सेक्रेटरी से जॉब शुरू करके ऑफिस मैनेजर बन सकते हैं।

अपना घर आरडब्लूए के पदाधिकारी ने समस्या के निराकरण के लिए विधायक को सौंपा मांग पत्र

Faridabad/Alive News

रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी अपना घर की आरडब्लूए के पदाधिकारी ने सोसाइटी में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के चलते स्थानीय विधायक नीरज शर्मा को सोसाइटी में आमंत्रित कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया और उनको मांग पत्र भी सौंपा। अपना घर सोसायटी में विधायक नीरज शर्मा के पहुंचने पर आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने उनका फूल माला और बुके भेंट कर स्वागत किया। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने विधायक नीरज शर्मा से मांग की है कि सोसाइटी के गेट पर फ्लडलाइट, पार्क में झूले, पार्क में बैठने के लिए बेंच और व्यायाम करने के लिए मशीने लगवाई जाये। साथ ही सोसाइटी के पास से एक बड़ा गंदा नाला बहता रहता है। जिसकी वजह से सोसाइटी में बदबू फैल रही है, जिसकी वजह से तमाम तरह की बीमारियां भी फेल रही है। सोसाइटी में पेयजल की व्यवस्था दयनीय है, इसके लिए सोसाइटी के निवासियों ने एक ट्यूबवैल लगवाने की भी मांग रखी। विधायक नीरज शर्मा ने मौजूदा सरकार को घेरते हुए कहा कि भ्रष्ट सरकार है। आप सभी लोगों से नगर निगम व स्थानीय प्रशासन को टैक्स दिया है। इसके बावजूद भी मूलभूत सुविधाएं ना देना, यह अफसरों की लापरवाही व सरकार की नाकामी है। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा अगर मूलभूत सुविधाओं की मांग की जा रही है तो सरकार के लिए शर्म की बात है। विधायक ने कहा कि यदि समस्या आ गई है तो वह अपनी विधानसभा में किसी भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव नहीं रहने देंगे और सोसायटी वासियों की मांग को जल्द से जल्द पूरा करवाने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने लोगों से वादा किया कि अगर सोसायटी की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर नहीं हो पाता है तो वह सोसायटी की समस्याओं को आगामी विधानसभा सत्र में उठाएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष राकेश शर्मा, महासचिव विजय कुमार मिश्रा, उपप्रधान नवीन कुमार चौधरी, उपप्रधान मूलचंद तोमर, कोषाध्यक्ष हाकिम सिंह रावत, सचिव दिनेश शर्मा, खेल सचिव संजय सिंह, संगठन सचिव राहुल शर्मा, लेखा परीक्षा शरण बिहारी शर्मा सहित अन्य सोसायटी वासी मौजूद रहे।

शहर की अधिकांश ग्रीनबेल्ट से हरियाली गायब, कुछ अतिक्रमण की चपेट में

Faridabad/Alive News

नगर निगम अधिकारियों की अनदेखी के कारण शहर की ग्रीनबेल्ट से हरियाली धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। इन दिनों ज्यादातर ग्रीनबेल्ट पर अवैध कब्जे और सूखे हुए पौधे नजर आ रहे हैं। बागवानी विभाग को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। ग्रीन बेल्ट पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक हैं, लेकिन शहर में इनकी स्थिति दयनीय नजर आ रही है। एनआईटी पांच रेलवे रोड की ग्रीन बेल्ट से हरियाली गायब है। इसके अलावा ग्रीनबेल्ट क्षतिग्रस्त भी है। लावारिश पशुओं का यहां जमावड़ा रहता है। ग्रीन बेल्ट पर पौधे नाम मात्र हैं। ग्रीन बेल्ट को पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाया जाता है लेकिन ग्रीन बेल्ट पर पेड़ पौधों की बजाएं लोगों का अतिक्रमण और पार्किंग देखी जा रही है।

यहां भी है दिक्कत

स्मार्ट सिटी में अधिकांश ग्रीन बेल्ट अतिक्रमण की वजह से खो गए हैं। नगर निगम और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण आए दिन कब्जे और अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाते हैं, लेकिन ग्रीनबेल्ट की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रीनबेलट पर झुग्गी बस्ती, अवैध कारोबार व कबाड़ियों का कब्जा है। नीलम बाटा रोड, बीके चौक से केएल मेहता कॉलेज मार्ग, एनआईटी तीन ईएसआईसी मार्ग, एनआईटी एक दो चौक सहित अलग अलग हिस्सों में बनी ग्रीनबेल्ट से हरियाली गायब है। कुछ हिस्सों की ग्रीनबेल्ट की देखरेख का जिम्मा फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण के पास है। अधिकारियों की मानें तो ग्रीनबेल्ट की स्थिति में सुधार कार्य जारी है।

डीसी ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

Faridabad/Alive News

डीसी कम जिला रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में नशा बेचने वालों की अब खैर नहीं है। जो भी नशा बेचने वालों की देगा सूचना उसका नाम गुप्त रखा जाएगा। जिला प्रशासन और पुलिस मिलकर गंभीरता से नशे पर अंकुश लगाने के लिए कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा छोड़ना अच्छे जीवन की निशानी है। राष्ट्रीय नशा मुक्ति केंद्र का हेल्पलाइन नंबर 14446 है। नशा मुक्ति के अभियान के लिए युवा आगे आएं। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कालेजों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी नशे से दूर रहे। डीसी विक्रम सिंह ने बुधवार को सेक्टर-14 स्थित नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण कर रहे थे तब यह बात कही। डीसी विक्रम ने नशामुक्ति केंद्र की इन्चार्ज ज्योति गुम्बर से नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल मरीजों के बारे में जानकारी ली। वहीं नशा-मुक्ति केन्द्र की स्थापना, बिस्तरों की संख्या, स्टाफ की तैनाती, नशा छुड़वाने से संबंधित दवाइयों की जानकारी बारीकी से ली। उन्होंने मरीजों को डेलीबेसिज पर दी जाने वाली दवाओं की रिकार्ड की जांच भी की। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि स्थानीय सेक्टर-14 के नशा मुक्ति केंद्र में युवाओं को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में रह रहे युवाओं को सुबह 7 बजे योग करवाया जाता है, साढ़े सात बजे प्रार्थना, साढ़े आठ बजे तक स्नान, साढ़े आठ से 9 तक नाश्ता, नौ से नौ बजकर पन्द्रह बजे तक दवाइयां दी जाती है। इसके 10 बजे डॉक्टर के परामर्श साढ़े दस से 12 बजे तक कक्षाएं लगाई जाती है। वहीं 12 से 1 बजे तक मनोरंजन तथा 1 से डेढ़ बजे तक लैन्च, 2 से ढाई बजे तक काउंसलिंग और ढाई बजे से 5 तक आराम किया जाता है। सायं 5 बजे चाय, सवा पांच बजे से साढ़े छह बजे तक सैर सपाटा, साढ़े छह से आठ बजे तक टीवी मनोरंजन, आठ बजे डिनर व नौ बजे दवाई और दस बजे रात्रि विश्राम किया जाता है। नशा छोड़ने वालों के लिए काउंसलिंग की जाती है। डीसी विक्रम के निरीक्षण के दौरान नशा मुक्ति केंद्र मे 8 मरीज भर्ती मिले। जहां उपायुक्त ने सभी मरीजों से जाकर पूछा कि नशे की लत कैसे पड़ी और कहां से नशा लाते थे। अधिकतर मरीजों ने बताया कि संगति के कारण स्मैक, शराब, चिटा व अन्य नशीली दवाओं के सेवन से नशा की चपेट में आए और अब इसे छोड़ने के लिए दाखिल हुए हैं। इस दौरान मरीजों ने कहा कि वे उपचार को लेकर संतुष्ट हैं। उपायुक्त ने रेडक्रॉस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नशा मुक्ति केंद्र की साफ सफाई रखें, मरीजों को नियमित दवाई दें। वहीं मरीज के डिस्चार्ज होने के बाद उनका फॉलोअप या फिर फीडबैक जरूर लें।

मिर्जापुर बूस्टर से सेक्टर-25 बूस्टर तक बिछेगी पीने के पानी की अलग लाइन: कैबिनेट मंत्री

Faridabad/Alive News

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बुधवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में नगर निगम, एफएमडीए और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक ली। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बैठक में अधिकारियों के साथ बल्लबगढ़ विधान सभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने नगर निगम बल्लभगढ़ और एफएमडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सेक्टर-25 बूस्टर पानी की सप्लाई बढ़ाने के लिए मिर्जापुर से एक नई लाइन सेक्टर-25 तक ले जाने का काम करें। ताकि सेक्टर-25 बूस्टर तक भरपूर पानी पहुंच सके और उसके आसपास के इलाकों को हर रोज रेनीवेल का मीठा पानी पीने मिल सके। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने समीक्षा बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि मिर्जापुर से सेक्टर-25 बूस्टर तक जाने वाली पाइप लाइन जगह जगह से डेमेज हो चुकी है। जिसे ठीक करना संभव नहीं है। इसलिए अब नई लाइन मिर्जापुर से गुडगांव कैनाल के साथ-साथ सेक्टर-25 तक जायेगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने मीटिंग के बाद जानकारी देते हुए कहा कि मिर्जापुर से सेक्टर-25 बूस्टर तक जाने वाली पाइप लाइन जगह जगह से डेमेज हो चुकी है जिसे ठीक करना संभव नहीं है, इसलिए अब नई लाइन मिर्जापुर से गुडगांव कैनाल के साथ साथ सेक्टर-25 तक जायेगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अगले 15 दिन के अंदर बल्लभगढ़ विधानसभा के सभी नाले नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का काम करें। ताकि बरसात के दौरान लोगों को दिक्कत ना आए और साथ ही नालियों में भरी गंदगी से पैदा होने वाले मच्छरों से फैलने वाली बीमारी से बचाव किया जा सके। इसके अलावा परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की एडमिनिस्ट्रेटर गरिमा मित्तल और संपदा अधिकारी सिधार्थ और कार्यकारी अभियंता अजीत सिंह और कार्यकारी अभियंता अश्वनी के साथ भी अलग से बैठक की। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आने वाले सेक्टर- 2 और सैक्टर- 3, सेक्टर-64, सैक्टर-64 डी, सेक्टर- 62 और सैक्टर-65 की सभी सड़कों को दुरुस्त करने का काम अति शीघ्र करें। इसके अलावा उन्होंने सेक्टरों के सभी पार्कों को सुंदर बनाने के साथ-साथ सेक्टरों की सीवरेज व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के दिशा निर्देश भी दिए। वहीं बैठक में सेक्टरों में रहे विकास कार्यों के बारे में भी समीक्षा कर चले हुए कार्यों को जल्द पूरा करने और नए कार्यों का जल्द ही शिलान्यास करवाने पर भी चर्चा की गई। समीक्षा बैठक में नगर निगम ज्वाइंट कमिश्नर बल्लबगढ़ शिखा, अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र कर्दम, एफएमडीए के चीफ इंजीनियर विकास बंसल, चीफ इंजीनियर एनडी वशिष्ठ, निगम के अधीक्षण अभियंता ओमवीर सिंह, कार्यकारी अभियंता ओपी कर्दम, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

के.एल. मेहता के जन्म दिवस पर विद्यार्थी अवार्ड दिवस मनाया बड़े उत्साह से

Faridabad/Alive News

के.एल. मेहता महिला महाविद्यालय के सभागार में महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष महात्मा स्वर्गीय कन्हैयालाल मेहता का जन्मदिवस एवं विद्यार्थी अवार्ड दिवस बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ-हवन से किया गया। तत्पश्चात दीप-प्रज्वलन के साथ सरस्वती गायन हुआ। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष आनंद मेहता ने बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा, पूर्व मंत्री ए.सी चौधरी व अतिथिगण का स्वागत फुल गुच्छ देकर किया। कार्यक्रम में विभिन्न के.एल. महता विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रोत्साहन स्वरूप सीबीएसई एवं हरियाणा बोर्ड के सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को परितोष वितरण किया गया।कार्यक्रम में आर्य केंद्रीय सभा के सदस्यों सरोज गुंबर, राज करणी अरोड़ा, आशा पंडित, प्रकाश वटी, राज कुमारी टुटेजा, उषा चितकारा, प्रेम बहल, स्वदेश सत्यार्थी (मरणोपरांत), को भी आर्य समाज की सेवा के लिए स्मृति चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान किए गए। संस्थान के गणमान्य सदस्यों ने अपने विचारों के द्वारा महात्मा स्वर्गीय के.एल. महता को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में महर्षि दयानंद शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष आनंद महता ने सभी अतिथियों एवं गणमान्य सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण से हुआ।

बहुचर्चित प्याली-हार्डवेयर सडक़ निर्माण पूरा होने पर समाजसेवियों ने किया भण्डारे का आयोजन

Faridabad/Alive News

बहुचर्चित प्याली-हार्डवेयर सडक़ निर्माण संघर्ष समिति द्वारा रविवार को सडक़ निर्माण कार्य पूरा होने पर आन्दोलन स्थल प्याली चौक पर एक भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आन्दोलन करने वाले अनशनकारी बाबा रामकेवल उनकी टीम अभिषेक गोस्वामी, नरेश शर्मा, राकेश उर्फ रक्कू प्रधान, वरूण श्योकंद, प्रीतपाल माटा, नरेश सलूजा उर्फ काले प्रधान, प्रमोद भड़ाना, राजू बैंसला ने आमजन को भण्डारे का वितरण किया।

इस अवसर पर अनशनकारी बाबा रामकेवल ने कहा कि दो बार क्रमशः 36 दिन व 13 दिन के आन्दोलन के बाद सरकार ने सडक़ निर्माण के लिए लगभग छह करोड़ रूपए का फंड जारी किया था। इस सडक़ के निर्माण कार्य का शुभारंभ केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक नीरज शर्मा द्वारा किया गया था। यह सडक़ 26 माह के रिकार्ड समय में बनी। जबकि इसे केवल 12 माह में बनकर तैयार होना था। इस सडक़ के बन जाने से एनआईटी, बडखल, बल्लभगढ़ तीनों विधानसभा क्षेत्रों के साथ-साथ गुडग़ांव जाने वाले लोगों का भी फायदा हुआ है।

इस भण्डारे में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुमित गौड़, पराग शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र शर्मा बबली, आप नेता धर्मवीर भड़ाना, राजकुमार खरवार, संतोष यादव, यशवंत मौर्य, अंजार अहमद, जसवंत पवार, महेश हिंदू, बलजीत कौशिक, जितेन्द्र चंदेलिया, विकास फागना, रिंकू चंदीला, श्रवण महेश्वरी, हरजिंदर मेहंदीरत्ता, मनमीत कौर, चीकू सिंह, परमिता चौधरी, अनीश खान, संतोष बृजवासी, अवधेश ओझा, आप नेता रविंद्र फौजदार, जिले सिंह, मेहर चंद हरसाना, मिशन जागृति के संस्थापक अध्यक्ष प्रवेश मलिक एवं टीम सहित अन्य लोगों ने शिरकत की।

फरीदाबाद की अनन्या ने चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल किया अपने नाम, कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने दी बधाई

Faridabad/Alive News

56वीं हरियाणा स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में सैनिक कॉलोनी निवासी अनन्या नेगी और उनके साथियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अनन्या की इस उपलब्धि पर कांग्रेसी नेता एवं बडखल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे विजय प्रताप सिंह व निवर्तमान पार्षद राकेश भड़ाना बधाई दी। कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह ने हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाओं की शहर में कमी नहीं है, बच्चों को प्रोत्साहन की आवश्यकता है। अनन्या को परिवार एवं माता-पिता की तरफ से पूरा सहयोग मिला। जिसके बल पर आज बैडमिंटन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल किया है। आगे बढ़ने के लिए बच्चों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। निवर्तमान पार्षद राकेश भड़ाना ने कहा कि अनन्या के इस प्रदर्शन से न केवल उसका परिवार बल्कि पूरा शहर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बच्चियों को आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान करें। अनन्या की कामयाबी से उनके पिता दीपेंद्र नेगी, उनकी माता एवं तमाम परिजन खुशी से गदगद हैं। दीपेन्द्र नेगी ने कहा कि उनकी बेटी अभिमान है। उन्होंने हमेशा प्रोत्साहित किया और आज वह 56वीं हरियाणा स्टेट बैडमिंटन चैम्पिनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर आई हैं। इस मौके पर प्रेम सैनी, अनिल अरोड़ा(राजू), गुलशन गाबा सहित अन्य मौजूद रहे।

जीवा स्कूल में साइंस एंड कॉमर्स फेस्ट का आयोजन

Faridabad/Alive News

सेक्टर-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में विगत सप्ताह में अद्भुत शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें साईंस फेस्ट, कॉमर्स फेस्ट का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को इन विषयों का ज्ञान कराना भी है। दोनों कार्यक्रम मनोरंजक, ज्ञानवर्धक एवं रोमांचक रहे। साईंस फेस्ट में विद्यालय के कक्षा चौथी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने लघु नाटिका के माध्यम से अनेक महत्वपूर्ण आविष्कारों के विषय में बताया और साथ ही वैज्ञानिकों के जीवन के कुछ ऐसे घटनाक्रमों के विषय में भी बताया, जिनके कारण मानव कल्याणकारी आविष्कार हुए।

इसके अलावा साईंस सेमिनार में भी छात्रों ने ज्ञान का प्रर्दशन किया। छात्रों ने टीम के आधार पर अपनी अपनी प्रस्तुति दी। चौथी, पांचवी एवं छठी कक्षा के छात्रों ने ऑन दा स्पॉट मॉडल मेकिंग इत्यादि के माध्यम से अपने ज्ञान, दक्षता एवं निपुणता का परिचय दिया। छात्रों ने पेड़- पौधे, पशु-पक्षी, जल इत्यादि का वेश बनाकर रैंप पर वॉक किया और इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया। इसके अलावा छात्रों ने मैजिक शो की प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने बताया कि जादू वास्तव में कोई चमत्कार नहीं बल्कि विज्ञान और बुद्धि का प्रयोग ही होता है। कार्यक्रम को कई चरणों में बांटा गया। इसके साथ-साथ बच्चों ने विषय से संबंधित एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की।

इसके अलावा कॉमर्स फेस्ट में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कॉमर्स की विभिन्न रूपों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगता भी रोमांचक एवं ज्ञान वर्धक रही, इसमें छात्रों से शैक्षणिकए करेंट अफेयर्स एवं मार्केट नॉलेज से संबंधित प्रश्न पूछे गए। छात्रों ने भी अपनी बुद्धि का परिचय दिया और प्रश्नो के उत्तर दिए।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्ष चंद्रलता चौहान, एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव एवं प्रिंसिपल अपर्णा शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए दोनों कार्यक्रमों की सराहना की।

डीसी ने की सड़क सुरक्षा समीति की बैठक में समीक्षा

Faridabad/Alive News

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद के सभी चौराहों और बाजारों के चौकों पर सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना सुनिश्चित करें। वहीं सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जिस विभाग को जो भी दायित्व मिला है। उस विभाग के अधिकारी उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह बुधवार सायं सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में सड़क सुरक्षा के नियमों सही पालना के क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। समीक्षा बैठक में आरटीए सचिव, हरियाणा रोडवेज, ट्रांसपोर्ट, पुलिस, वन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। आरटीए सचिव जितेंद्र गहलावत ने बैठक से जुड़े विभिन्न विषयों पर बिन्दुवार एक-एक करके बारीकी से जानकारी दी। वहीं स्टेट रोड सेफ्टी काउंसिल हरियाणा सरकार एवं मेंबर ऑफ पार्लीमेन्ट रोड़ सेफ्टी कमेटी भारत सरकार के सदस्य एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) और लाइफ फर्स्ट फॉउंडेशन एनजीओ के द्वारा फरीदाबाद, बड़खल और बल्लभगढ़ के चौराहों और शहर के बाजारों के चौंको पर सड़क सुरक्षा के प्रबन्धकों और पूर्ण रूप से नियमों की पालना करने के लिए चिन्हित स्थानों की वास्तविक जानकारी को विस्तार पूर्वक बतलाया। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस प्रशासन और हाईवे अथॉरिटी के तकनीकी अधिकारी आपसी तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव में सड़क सुरक्षा के नियमानुसार सड़क पर लगाई जाने वाली पटिया, ज़ेबरा क्रॉसिंग प्वाइंट और ग्रील लगाने, टूटने पर ठीक करवाने सहित बरसाती पानी या गंदा पानी इक्कठा होता है,

देश की आर्थिक मजबूती और युवाओं के रोजगार पर एनडीए का फोकस-डिप्टी सीएम

Chandigarh/Alive News

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पिछले साढ़े तीन साल से जेजेपी एनडीए का हिस्सा है और कोरोना काल के बाद एनडीए की पहली औपचारिक बैठक हुई है। उन्होंने कहा कि यह बैठक काफी अहम और अच्छी रही है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि साल 2024 में हमें कैसे मिलकर आगे बढ़ना है, उस विजन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए के 39 दलों के नेताओं ने रखा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आने वाले समय में देश की आर्थिक मजबूती, युवाओं के रोजगार पर एनडीए और मजबूती के साथ काम करेगा। वे बुधवार को गुरुग्राम में पत्रकारों से रूबरू थे।

गुरूग्राम जिले के विभिन्न गांवों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणावासियों को सरकारी सेवाओं व सुविधाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से देने के लिए करीब 600 सेवाओं को पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ग्रामीण आबादी के लिए जीवन सुगमता में और सुधार करने के प्रति दृढ़ है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश के गांवो में विकास कार्यों को नई गति प्रदान करते हुए वहां दी जा रही सुविधाओं को और सशक्त किया किया जा रहा है।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के ग्रामीण हलकों की फिरनी को पक्का करने व गांवो में शमशान भूमि में चार दीवारी, टीन शेड व पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा रूरल डवलपमेन्ट फण्ड में करीब 800 व 400 करोड़ का प्रावधान किया है। इसी प्रकार गांवो में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने व मौजूदा इंफ्रा में सुधार करने के लिए प्रदेश के प्रत्येक गांव का सर्वे कराकर जहां क्लीनिक है वहां पीएचसी, जहां पीएचसी वहां सीएचसी व जहां सीएचसी है, वहां 50 बेड का अस्पताल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई का रही हैं।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गांवो में सामाजिक कार्यों के लिए जगह का ना होना भी एक बड़ी समस्या रही है। ऐसे में सरकार द्वारा गांवो में सामुदायिक भवन बनाने की योजना को भी धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब कोई भी गांव जहां एक से तीन एकड़ भूमि उपलब्ध है वह ग्राम पंचायत ग्राम सभा से रेजोल्यूशन पास करवाकर व जमीन के सिजरे व नक्शे को ग्राम सचिव व पटवारी से सत्यापित करवाकर उसका प्रपोजल सरकार को भेज सकती है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार को अभी तक करीब 1100 ऐसे आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 800 पर काम शुरू हो चुका है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अमृत सरोवर योजना के तहत अभी तक कुल 800 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के कल्याण के लिए बनाई गई नीतियों को निरंतर धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास की इस महत्वपूर्ण यात्रा में हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है, जहां 48 घण्टों के भीतर किसानों को उनकी फसल बेचने की राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार गेहूं के सीजन में करीब 13 हजार करोड़ की राशि तय समय मे किसानों के खाते में ट्रांसफर की गई है। उपमुख्यमंत्री ने बुधवार को पटौदी विधानसभा में 10 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को भी संगठन की गतिविधियां तेज करने के निर्देश दिए। विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनी और संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला परिषद की अध्यक्ष दीपाली चौधरी, जेजेपी के गुरुग्राम जिला अध्यक्ष श्योचंद यादव, जेजेपी के शहरी निकाय के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि राज राणा, पूर्व विधायक गंगाराम, पूर्व जिला पार्षद दीपचंद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

संपादकीय

महासागरों में फैलता प्रदूषण बना चिंता का विषय

हाल के वर्षों में महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागरों में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। महासागर हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन के प्रतीक हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करते हैं। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है, जिनमें असीम जैव विविधता का भंडार समाया है। पृथ्वी का लगभग सत्तर प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग सत्तानबे प्रतिशत जल महासागरों में समाया हुआ है। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। हर साल आठ जून को दुनिया भर में विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। 1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गई थी की विश्व के जो महासागर हैं, उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। 1992 में कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फार ओशन डेवलपमेंट ने इस दिवस को मानाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन पृथ्वी सम्मेलन में रखा था। आठ जून 2009 को पहला विश्व महासागर दिवस मनाया गया। इसके बाद से हर साल आठ जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व महासागर दिवस के अवसर पर दुनिया भर में महासागर से जुड़े विषयों पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं, जो महासागर के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के प्रति जागरूकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। आज जब विश्व की कुल जनसंख्या का तीस प्रतिशत तटीय क्षेत्रों में निवास करता है तो ऐसी स्थिति में महासागर उनके लिए खाद्य पदार्थों का प्रमुख स्रोत साबित हो सकते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्त्वपूर्ण होने के कारण महासागर अत्यंत उपयोगी हैं। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व यहां उपस्थित वायुमंडल और महासागरों जैसे कुछ विशेष कारकों के कारण ही संभव हो पाया है। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ही महासागर अपने अंदर और आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं, जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु और वनस्पतियां पनपती हैं। महासागर खाद्य पदार्थों का एक प्रमुख स्रोत होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मदद से महासागरों से पेट्रोलियम सहित अनेक महत्त्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन सहित अनेक मौसमी घटनाओं को समझने के लिए समुद्रों का अध्ययन भी महत्त्वपूर्ण है। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति महासागरों में ही हुई है। आज भी महासागर जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियों को बनाए रखने में सहायक हैं। महासागर पृथ्वी के एक तिहाई से अधिक क्षेत्र में फैले हैं। इसलिए महासागरीय पारितंत्र में थोड़ा-सा परिवर्तन पृथ्वी के समूचे तंत्र को अव्यवस्थित करने का सामर्थ्य रखता है। वर्तमान में मानवीय गतिविधियों का प्रभाव समुद्रों पर भी दिखाई देने लगा है। महासागरों के तटीय क्षेत्रों में दिनों-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। जहां तटीय क्षेत्र, विशेष कर नदियों के मुहानों पर सूर्य के प्रकाश की पर्याप्त उपलब्धता के कारण अधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाने जाते थे, वहीं अब इन क्षेत्रों के समुद्री जल में भारी मात्रा में प्रदूषणकारी तत्वों के मिलने से वहां जीवन संकट में हैं। तेलवाहक जहाजों से तेल के रिसाव के कारण और समुद्री जल के मटमैला होने पर उसमें सूर्य का प्रकाश गहराई तक नहीं पहुंच पाता है, जिससे वहां जीवन को पनपने में परेशानी होती है और उन स्थानों पर जैव-विविधता भी प्रभावित होती है। हाल के वर्षों में महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागरों में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। विषैले रसायनों के रोजाना मिलने से समद्री जैव विविधता भी प्रभावित होती है। लेकिन वायु और अन्य प्रकार प्रदूषण के बरक्स समुद्र के इस कदर प्रदूषित होते जाने को लेकर उसी अनुपात में चिंता नहीं दिखाई देती। जबकि विषैले रसायनों के कारण समुद्री वनस्पति की वृद्धि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने वाले परितंत्रों में महासागर की उपयोगिता को देखते हुए यह आवश्यक है कि हम महासागरीय पारितंत्र के संतुलन को बनाए रखें। तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ये समुद्र अपने अंदर और आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं, जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव और वनस्पतियां पनपती हैं। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में स्थित मैंग्रोव जैसी वनस्पतियों से संपन्न वन समुद्र के अनेक जीवों के लिए नर्सरी का काम करते हुए विभिन्न जीवों को आश्रय प्रदान करते हैं।

गर्मी से राहत नहीं, आफत बन रही है मॉनसून की बारिश, वजह है जलवायु परिवर्तन

तिलक राज शर्मा
संपादक

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के निदेशक, वैज्ञानिक-जी, कृष्णन राघवन ने भारतीय मौसम को प्रभावित करने वाले वैश्विक सर्कुलशनों पर शोध की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, ध्रुवीय क्षेत्र चिंताजनक दर से गर्म हो रहे हैं, जिससे हिमनदों की बर्फ पिघल रही है। इसके कारण, मिड लैटिट्यूड के सर्क्युलेशन पैटर्न मिड लैटिट्यूड और ट्रोपिकल क्षेत्रों में में वायुमंडलीय सर्क्युलेशनपैटर्न को प्रभावित कर रहा है।

बारिश की आमद गर्मी से राहत देने के लिए जानी जाती थी। मगर अब, यह राहत बन रही है आफत। भारत में चरम मौसम की घटनाओं में वृद्धि का पैमाना हर गुजरते साल के साथ नई ऊंचाई छू रहा है। साल 2023 की शुरुआत अगर सर्दी की जगह अधिक गर्मी के साथ हुई, तो फरवरी में तापमान ने 123 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। आगे पूर्वी और मध्य भारत में अप्रैल और जून में उमस भरी गर्मी की संभावना जलवायु परिवर्तन के कारण 30 गुना अधिक हो गई थी। उसी दौरान चक्रवात बिपरजॉय अरब सागर में 13 दिनों तक सक्रिय रहा और लगभग दो हफ्तों की इस सक्रियता के चलते साल 1977 के बाद सबसे लंबी अवधि का चक्रवात बन गया।

फिलहाल पूरे उत्तर पश्चिम भारत में अत्यधिक भारी बारिश अपना कहर बरपा रही है। लगातार बारिश के कारण पूरे हिमाचल प्रदेश में अचानक बाढ़ और भूस्खलन हुआ है, जबकि दिल्ली में पिछले 40 वर्षों में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी और जलवायु वैज्ञानिक दोनों ही, एक बार फिर, चरम मौसम की घटनाओं में भारी वृद्धि के लिए ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते स्तर को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

स्थिति को समझाते हुए स्काइमेट वेदर में मौसम विज्ञान और जलवायु परिवर्तन विभाग के उपाध्यक्ष, महेश पलावत ने कहा, अत्यधिक भारी बारिश का चल रहा दौर तीन मौसम प्रणालियों के एक साथ होने का नतीजा है। यह तीन प्रणालियाँ है पश्चिमी हिमालय पर पश्चिमी विक्षोभ, उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों पर चक्रवाती परिस्थितियां, और गंगा के मैदानी इलाकों में चलने वाली मॉनसून की धुरी रेखा। इन तीनों का यह संरेखण पहली बार नहीं हो रहा है और मानसून के दौरान यह एक सामान्य पैटर्न है। लेकिन अब ग्लोबल वार्मिंग के चलते मानसून के पैटर्न में बदलाव से फर्क पड़ा है। भूमि और समुद्र दोनों के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे हवा में लंबे समय तक नमी बनाए रखने की क्षमता बढ़ गई है। इस प्रकार, भारत में बढ़ती चरम मौसम की घटनाओं में जलवायु परिवर्तन की भूमिका हर गुजरते साल के साथ मजबूत होती जा रही है।

भारतीय मानसून पैटर्न पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कई शोध पहले ही स्थापित कर चुके हैं। मगर अब यह सब वायुमंडलीय और समुद्री घटनाओं से भी छेड़छाड़ कर रहा है। और ऐसा होने से ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों का असर और भी कई गुना बढ़ा गया है।

आगे, आईआईटी-बॉम्बे में पृथ्वी प्रणाली वैज्ञानिक और विजिटिंग प्रोफेसर डॉ. रघु मुर्तुगुड्डे बताते हैं, यूं तो पहले भी चरम मौसम की घटनाएं हुई हैं, लेकिन 2023 एक अनोखा वर्ष रहा है। इन घटनाओं में ग्लोबल वार्मिंग महत्वपूर्ण योगदान तो दे ही रही है लेकिन कुछ दूसरी वजहें भीहैं। सबसे पहली वजह है कि अल नीनो ने आकार ले लिया है और यह वैश्विक तापमान को बढ़ा रहा है। अगली वजह है जंगल की आग जो कि इस बार तीन गुना बड़े क्षेत्रों में लगी है। इसका मतलब वायुमंडल में भी जंगल की आग से तीन गुना कार्बन उत्सर्जित हो रहा है और जमा हो रहा है। तीसरी वजह है उत्तरी अटलांटिक महासागर का गर्म अवस्था में होना। चौथा कारण है जनवरी के बाद से अरब सागर असाधारण रूप से गर्म हो गया है, जिससे उत्तर-उत्तर-पश्चिम भारत में अधिक नमी आ गई है। और पाँचवी वजह है ऊपरी वायुमंडल में हवा का बदला हुआ सर्क्युलेशन जिसके चलते धरती की सतह के ठीक ऊपर के सर्क्युलेशन पर असर डाल रहा है। इसके चलते उत्तर और मध्य भारत में बारिश भीषण बारिश हो रही है।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की 'भारतीय क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन का आकलन' नाम की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले समय में मानसूनी वर्षा न सिर्फ और अधिक तीव्र होगी, बल्कि उसका विस्तार क्षेत्र भी बढ़ेगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि तापमान के साथ वायुमंडलीय नमी की मात्रा में वृद्धि का भी अनुमान है। मध्य भारत में स्थानीय भारी बारिश की घटनाओं की आवृत्ति में भी काफी वृद्धि हुई है, जो आंशिक रूप से ग्रीनहाउस गैस आधारित वार्मिंग, एयरोसोल, और बढ़ते शहरीकरण के कारण नमी की उपलब्धता में बदलाव के कारण है। वैश्विक और क्षेत्रीय मॉडल जहां भारत में औसत मौसमी वर्षा में वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, वहीं वह मानसून के कमजोर सर्क्युलेशन का भी अनुमान लगाते हैं।

आगे बात करें तो बीसवीं सदी के मध्य से, भारत में औसत तापमान में वृद्धि के साथ चरम मौसमी घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। और अब तो इस बात के पुख्ता वैज्ञानिक प्रमाण हैं कि मानवीय गतिविधियों ने क्षेत्रीय जलवायु में इन परिवर्तनों को प्रभावित किया है।

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के निदेशक, वैज्ञानिक-जी, कृष्णन राघवन ने भारतीय मौसम को प्रभावित करने वाले वैश्विक सर्कुलशनों पर शोध की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, ध्रुवीय क्षेत्र चिंताजनक दर से गर्म हो रहे हैं, जिससे हिमनदों की बर्फ पिघल रही है। इसके कारण, मिड लैटिट्यूड के सर्क्युलेशन पैटर्न मिड लैटिट्यूड और ट्रोपिकल क्षेत्रों में में वायुमंडलीय सर्क्युलेशनपैटर्न को प्रभावित कर रहा है। हमें इस पर और अधिक शोध करने की आवश्यकता है क्योंकि भारत में मौसम के बदलते मिजाज में इसके योगदान से इनकार नहीं किया जा सकता है।आर्कटिक अंप्लीफिकेशन नाम के एक कारक पर ध्यान देने की ज़रूरत है।

आईपीसीसी रिपोर्ट, 'बदलती जलवायु में मौसम और जलवायु की चरम घटनाएं' ने पहले ही चेतावनी दी थी कि गर्मी और मानसून की वर्षा भी बढ़ेगी और अधिक बार होगी। भारतीय उपमहाद्वीप में अत्यधिक वर्षा की घटनाओं में 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं अलाइव न्यूज के मुख्य संपादक है।)

वीर जवानों के बलिदान का मोल क्या हम समझ पाएं?

अमर जवान का नाम आते ही हमारे जेहन में जो तस्वीर उभरकर आती है वह साहस, जुनून, अनुशासन, देशभक्ति से भरपूर देश के रक्षक की छवि। देश में सबसे ज्यादा सन्मान लोगो के दिलो में देश के वीर जवानों के लिए ही होता है। देश के जवान किसी भी परिस्थिति से लड़ने के लिए सर्वदा तत्पर रहते हैं, चिलचिलाती गर्मी, मूसलाधार बारिश, जमा देने वाली ठंड में घर-परिवार से दूर सैनिक अपने लक्ष्य पर डटे रहते हैं। अगर हमारा जवान दुश्मन देश में उनके कब्जे में हो तो, हमारे वीर जवान पर अमानवीय अत्याचार करके, भूखा-प्यासा रख कर रूह कांप जाए ऐसी भयावह यातनाएं दी जाती है, फिर भी देश का जवान अपने लक्ष्य पर डटा रहता है। इसलिए वीर जवानों के लिए हमारा सिर हमेशा फक्र से ऊँचा होता हैं। आज ही के दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सैनिकों को धूल चटाते हुए कारगिल की चोटियों पर तिरंगा फहराया था। लद्दाख में उत्तरी कारगिल जिले की पर्वत चोटियों पर पाकिस्तानी सेना को वर्ष 1999 में उनके कब्जे वाले स्थानों से खदेड़ कर भारत देश ने ऐतिहासिक जीत हासिल की थी, उन कारगिल युद्ध के नायकों की याद में हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। यह दिन हर भारतीय के लिए गर्व का है। कारगिल युद्ध 3 मई 1999 से 26 जुलाई 1999 तक चला, इस युद्ध में देश के 527 वीर जवान शहीद और 1,363 घायल हुए।

देश का जवान मौत को सामने देखकर भी अपने फर्ज के लिए, देश के लिए, जनता के लिए खुशी से जान न्यौछावर कर देता है, ताकि देश में अमन चैन बना रहें और मातृभूमि की, देश की रक्षा हों, देश सुरक्षित रहें। लेकिन देश के भीतर समाज, घर-परिवार, रिश्ते-नाते, जान-पहचान में आज हम देखते हैं कि सब खुद में व्यस्त है, खुद के लिए जीते हैं। कथनी और करनी में कभी एक नहीं होते, सलाह और ज्ञान देने में हमेशा आगे रहते हैं लेकिन जब मुश्किल हालात हो तो अपने भी भाग खड़े होते हैं। हम सुख-सुविधा, विलासिता से संपन्न हर चीज का आनंद लेकर जीवन व्यतीत करते हैं, घर-परिवार के साथ रहते हैं, त्यौहार-विशेष प्रसंग साथ मनाते हैं। हर खुशी-गम में सहभागी के तौर पर हमारे साथ लोग होते हैं। हर रोज पसंद का खाना, पहनावा, फरमाइश पूरी होती है, हम अपनी दिनचर्या अपने हिसाब से जीते हैं। मन हुआ वैसे रहते है, मनोरंजन के साधनों का मजा लेते है, घूमते-फिरते जीवन जीते हैं, यहाँ तक कि हम अपने जीवन में अनुशासन, व्यायाम, खानपान, संस्कारों पर भी ध्यान देना अक्सर टालते हैं, लोग स्वार्थ में इतने अंधे हो चुके है कि खुद के एक रूपये के फायदे के लिए लोगों का लाखों का नुकसान करने के लिए भी तैयार रहते है। लोगों को स्लो पॉइजन के तौर पर मिलावटखोरी का जहर धड्डल्ले से बांटा जा रहा हैं। समाज में इंसानियत तेजी से विलुप्त हो रही है, लोग केवल खुद के बारे में सोचते हैं, फिर ऐसे समाज में देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने की बात तो बहुत दूर है। अति दुर्गम क्षेत्र में अत्यल्प साधनों के साथ बगैर शिकायत के अपने कार्य को बखूबी अंजाम देना देश के जवानों से सीखना चाहिए।

समाज में छोटी-छोटी बात पर लोग मरने-मारने को उतारू रहते हैं, भेदभाव करते हैं, तुरंत उग्र हो जाते है। समझदारी, नैतिकता, एकता, भाईचारा, सर्वधर्म समभाव और पूरा देश एक हैं, यह भावना और व्यवहार देश के जवान में नजर आता हैं। कैसी भी परिस्थिती हो देश में, वीर जवान कर्त्तव्य, निष्ठा, नियम, अनुशासन और आदेश का दृढ़ता से पालन करते हुए कर्मभूमि पर डटे रहते हैं। उपजीविका के लिए नौकरी, काम-धंधा तो सभी करते हैं, काम के बदले में मेहनताना लेते हैं, लेकिन देश की रक्षा की खातिर जान न्यौछावर करने वाले वीर जवान और कहाँ देखने मिलते हैं। सौं बात की एक बात कि वीर जवानों के कारण ही हम और हमारा परिवार, समाज चैन की साँस लेता हैं, वे हैं इसलिए हम हैं। अनेक वीर जवान देश के लिए शहीद हो जाते हैं, फिर भी उनके माता-पिता अपने दूसरे बच्चों को भी सेना में भेजना चाहते हैं ताकि वे भी देश की रक्षा कर सकें, ऐसे वीर सपूतों के माता-पिता भी किसी वीर सैनिक से कम नहीं हैं, देश के लिए ये हौसला, जज्बा, समर्पण की भावना बहुत बड़ी बात हैं, देश पहले बाद में घर-परिवार, समाज आता है। काश ये सोच हर देशवासी की हो तो देश में कोई समस्या ही नहीं होगी।

एक ओर देश का सिपाही शहीद होकर अपनी देशसेवा से लोगों के दिलों में हमेशा के लिए अमर हो जाता हैं तो दूसरी ओर देश में भ्रष्टाचार, सत्ता के लिए झगड़े, धोखाधड़ी, स्वार्थ, लालच, अपराध, राजनीतिक हस्तक्षेप, दबंगई, क्लेश, तनाव नजर आता हैं। मणिपुर की वीभत्स घटना ने पूरे देश का सिर शर्म से झुका दिया हैं, आये दिन महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार समाज की घिनौनी तस्वीर बयां करती हैं। जुल्म, अत्याचार की घटनाएं होते हुए हजारों की भीड़ बूत बनी देखती रहती हैं और मुट्ठीभर असामाजिक तत्व सबके सामने खुलेआम मानवता को शर्मसार करते हैं। असम रेजिमेंट के पूर्व सूबेदार ने बोला कि, मैंने कारगिल युद्ध लड़ा, भारतीय शांति सेना का हिस्सा बनकर श्रीलंका में भी रहा, देश की रक्षा की, आज सेना से रिटायर होने के बाद मैं अपनी पत्नी, घर, गांव की रक्षा नहीं कर सका, मुझे बहुत दुख है।

क्या आज की युवा पीढ़ी के आगे कोई लक्ष्य नहीं हैं, वह किस दिशा में वह जा रही हैं, आधुनिकता का दिखावा हमारी मौलिकता, संस्कार, मानवता, सभ्यता, मर्यादा, पुरुषत्व, आदरभाव को कुचल रही हैं। अश्लीलता, फूहड़पन, गिद्धदृष्टि, छोटी सोच, जालसाजी और भेदभाव ही लोगों में कूट-कूट कर भरा जा रहा हैं। समाज और देश के प्रति हम अपने कर्तव्यों को क्यों भूल रहे हैं। क्यों हम छोटी-छोटी बात पर भड़क उठते है, बहकावे में आते है, भेदभाव करते है, समाज में लगातार बढ़ती समस्याओं के लिए अधिकतर जिम्मेदार हम खुद हैं और इसकी भरपाई भी हम आम लोगों को ही करनी पड़ती हैं। नशे की लत, सोशल मीडिया और इंटरनेट गेमिंग ने तो नयी पीढ़ी को पागल बना दिया है। नेता-अभिनेता युवा पीढ़ी के आदर्श नहीं बल्कि, देश पर मर-मिटनेवाले वीर जवान, आज़ादी के लिए कुर्बान क्रन्तिकारी, समाज को सही दिशा देनेवाले समाज सुधारक, देश को प्रगतिपथ पर ले जानेवाले वैज्ञानिक होने चाहिए। हम जैसे कीड़े-मकोड़े की तरह लड़ने झगड़नेवाले लोगों की रक्षा के लिए क्या देश का वीर जवान सरहद पर शहीद होता हैं? समाज और देश में हम सभी एक हैं, सभी भेदभाव मुक्त व्यवहार के साथ इंसान बनकर हमने जीना चाहिए।

क्या केवल इतिहास के पन्नों में ही रह गए वो महान देशभक्त देशवासी जो अपनी परोपकारिता, बंधुता और अखंडता के लिए विश्वभर में जाने जाते थे। सिर्फ 15 अगस्त और 26 जनवरी को देशभक्ति का खूब दिखावा करने से ही हम देशभक्त नहीं होते बल्कि, देश किन हालातों से आजाद हुआ, कितनों ने अपने प्राणों की आहुति दी, कितने अत्याचार सहें और कितने संघर्षों के बाद ये आज़ादी मिली हैं ये सब हर देशवासी ने हर पल याद रख देश में तिरंगे और संविधान की गरिमा को बनाये रखना हैं। जिस तरह हमें अपने देश के वीर जवानों पर गर्व है वैसे ही उन जवानों को भी हम देशवासियों पर गर्व होने दीजिए।

(लेखक डॉ. प्रितम भि. गेडाम के ये निजी विचार है)

क्लीन एनेर्जी मिनिस्टीरियल वार्ता : प्रदूषण मुक्त ऊर्जा व्यवस्था की उम्मीदों पर फिर गया पानी

भारत की मेजबानी में इस साल गोवा में चौथी जी20 एनर्जी ट्रांज़िशन वर्किंग ग्रुप की बैठक आयोजित की गयी। उम्मीद थी कि इस बैठक के नतीजे दुनिया को प्रदूषण मुक्त ऊर्जा व्यवस्था की ओर बढ़ने में मदद करेंगे। मगर इस बैठक के बाद यह साफ़ हो गया कि इसका नतीजा दुनिया की उम्मीदों से बहुत दूर रहा। कई दिनों की गहन बातचीत के बाद, त्र20 का एनेर्जी ट्रांज़िशन वर्किंग ग्रुप एक सर्वसम्मति से बना बयान भी जारी करने में विफल रहा। इसके चलते अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने फ़ोस्सिल फ्यूल पर निर्भरता को चरणबद्ध तरीके से कम करने और रिन्यूबल एनेर्जी का रुख करने में तेज़ी की तत्काल चुनौतियों से निपटने के लिए दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की प्रतिबद्धता पर भी सवाल उठाया। इस बैठक के बाद जो बयान जारी हुआ वो सरल शब्दों में कहा जाए तो निराशाजनक ही था। फ़ोस्सिल फ्यूल पर निर्भरता को कम करने के प्रति प्रतिबद्धता की कमी इसी बात से लगाई जा सकती है कि पूरे दस्तावेज़ में फ़ोस्सिल शब्द मात्र दो बार ही प्रयोग हुआ। ऐसा लगता है कि जी20 के कुछ सदस्य फ़ोस्सिल फ्यूल के बेरोकटोक प्रयोग को चरणबद्ध तरीके से कम करने के महत्वपूर्ण मुद्दे पर आम सहमति बनाने के लिए तैयार नहीं । इसके बजाय उन्होंने अस्पष्ट और संदिग्ध भाषा के पीछे छिपने का विकल्प चुना। सही मायनों में तो यह कमज़ोर दृष्टिकोण वाला ताज़ा बयान बाली लीडर्स डेक्लेरेशन और बाली एनेर्जी ट्रांज़िशन रोडमैप जैसे पिछले समझौतों में की गई प्रतिबद्धताओं से एक कदम पीछे ही है। यह सीधे तौर पर वैश्विक समुदाय को जलवायु कार्रवाई की तात्कालिकता के बारे में एक निराशाजनक संदेश भेजता है। यह जानना निराशाजनक रहा कि संयुक्त विज्ञप्ति जारी करने में विफलता के पीछे रूस और चीन जैसे प्रमुख देशों की असहमति प्रमुख कारक थी। साल 2030 तक रिन्यूबल क्षमता को तीन गुना करने पर रूस और सऊदी अरब की आपत्ति, साथ ही जलवायु परिवर्तन पर सहयोग बढ़ाने के लिए चीन के प्रतिरोध, जलवायु मुद्दों से निपटने पर एकीकृत रुख तक पहुंचने में चुनौतियों पर प्रकाश डालते हैं। महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताओं के प्रति इस तरह की विमुखता एक स्वच्छ और हरित ऊर्जा दुनिया के निर्माण के प्रयासों को काफी हद तक विफल कर देती है, जो कि बढ़ते जलवायु संकट से निपटने के लिए आवश्यक है। विभिन्न संगठनों के ऊर्जा विशेषज्ञों ने जी20 वार्ता में प्रगति की कमी के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के सिद्धार्थ गोयल ने जीवाश्म ईंधन सब्सिडी के मुद्दे को तरजीह न देना और हाइड्रोजन उत्पादन के लिए जीवाश्म-आधारित स्रोतों के उपयोग के संभावित जोखिमों की ओर सही ही इशारा किया है। आगे, ई3जी से मधुरा जोशी इस बात पर प्रकाश डालती हैं कि भारतीय जी20 की अध्यक्षता द्वारा सामने लाए गए सकारात्मक एजेंडे के बावजूद, इस बयान में देशों के बीच का मतभेद स्पष्ट है। ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल के सीईओ बेन बैकवेल इस बात पर जोर देते हैं कि मजबूत नीतियों और लक्ष्यों के बिना मौजूदा प्रयास फिलहाल साल 2050 तक एक नेट-ज़ीरो दुनिया हासिल करने की

आवश्यक महत्वाकांक्षा से कम है। लेकिन यह स्पष्ट है कि ये वार्ताएं वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के साथ राष्ट्रीय हितों को संरेखित करने की बढ़ती जटिलता को साफ तौर पर सामने रखती हैं। क्लाइमेट ट्रेंड्स की निदेशक आरती खोसला, भू-राजनीतिक हितों और राष्ट्रों के विकास पर पड़ने वाले प्रभावों को ध्यान में रखते हुए एक ईमानदार और निष्पक्ष मध्यस्थ के रूप में भारत के प्रयासों की सराहना करती हैं। भारत ने एनेर्जी एफ़िशियेन्सी, रिन्यूबल एनेर्जी विकास में तेज़ी और जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने पर जोर देते हुए एक सकारात्मक एजेंडा सामने रखा। लेकिन बड़े दुख की बात है कि बैठक के बाद जारी हुए बयान में देशों के बीच विभाजन और मतभेद को उजागर किया, जो वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के साथ राष्ट्रीय हितों को संरेखित करने की चुनौतियों को दर्शाता है। कुल मिलाकर जी20 के भीतर आम सहमति की कमी वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने की तात्कालिकता को साफ़ करती है। हम जलवायु आपातकाल से निपटने के लिए आवश्यक प्रगति में राजनीतिक हितों को बाधा नहीं बनने दे सकते। जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चुनौती है जो सभी देशों के बीच सामूहिक कार्रवाई और सहयोग की मांग करती है। ध्यान रहे कि अब इस कड़ी की अगली बैठक साल 2024 में ब्राज़ील में होगी जब ब्राज़ील जी20 प्रेसीडेंसी हासिल करेगा और क्लीन एनेर्जी और जलवायु कार्रवाई में तेजी लाने के लिए दबाव जारी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। फिलहाल समय आ गया है कि जी20 सदस्य देशों को अपने मतभेदों को भुलाकर मानवता और इस पृथ्वी की खातिर एक साथ आना चाहिए। एक ससटेनेबल या टिकाऊ भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता, ठोस कार्य योजनाएँ और सहयोगात्मक प्रयास बेहद ज़रूरी हैं। केवल एक साथ काम करके ही हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जो जीवाश्म ईंधन पर निर्भर नहीं होगी और रिन्यूबल ऊर्जा स्रोतों कि मदद से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगी। त्र20 समूह में इस प्रयास में एक प्रेरक शक्ति बनने की क्षमता है , और इसके सदस्यों पर राष्ट्रीय हितों से ऊपर उठने और वैश्विक नेताओं के रूप में अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करने का दायित्व है। मगर त्र20 एनर्जी ट्रांज़िशन वर्किंग ग्रुप की ताज़ा बैठक में आम सहमति तक पहुंचने में विफलता आने वाली चुनौतियों को साफ तौर पर याद दिलाती है। हालाँकि, इसे सभी देशों के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करने और जलवायु संकट से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने के लिए एक चेतावनी के रूप में भी काम करना चाहिए। हमारे इस ग्रह कि किस्मत एक लिहाज़ से अधर में लटकी हुई है, और हम राजनीतिक असहमति को प्रगति के रास्ते में आने नहीं दे सकते। अब निर्णायक कार्रवाई का समय है, और दुनिया देख रही है कि क्या जी20 इस अवसर पर आगे बढ़ सकता है और हमें एक स्वच्छ, हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की ओर ले जा सकता है। हालाँकि जी-20 की यह बैठक उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही, लेकिन क्लीन एनेर्जी मिनिस्टीरियल बैठक के नतीजों में भारत के लिए आशा की किरण है, जो भारत को महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर सकती हैं। दरअसल इस बैठक में अन्य देशों के साथ सहयोग, क्लीन एनेर्जी इनोवेशन में प्रगति, ऊर्जा दक्षता या एनेर्जी एफ़िशियेन्सी को बढ़ावा देना, क्लीन एनेर्जी सप्लाई को सुनिश्चित करना, और ऊर्जा प्रणाली में हरित बदलावों के लिए समर्थन बनाना आदि प्रमुखता से शामिल है। यह सब भारत की रिन्यूबल एनेर्जी प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के साथ संरेखित है। इसके दृष्टिगत, वैश्विक स्तर पर क्लीन एनेर्जी पहल को आगे बढ़ाने में भारत के पास अग्रणी भूमिका निभाने के लिए बेहद बढ़िया मौका है। मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व और देश की नीतिगत प्राथमिकताएं भारत के लिए ऐसा कुछ करना सिर्फ आसान ही बनाती हैं।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने सरकारी विद्यालयो में किया औचक निरीक्षण

Faridabad/Alive News

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर राजकीय वशिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुजेसर मे औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रिंसिपल सहित अन्य अध्यापक गैरहाजिर मिले तथा कुछ समय पर नही पहुंचे। फरीदाबाद के मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुजेसर में औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने विद्यालय पर कुल 27 अध्यापक व अन्य स्टाफ तैनात होना पाया गया लेकिन निरीक्षण के दौरान 11 अध्यापक समय पर हाजिर मिले। तथा प्रिंसिपल सहित चार अध्यापक गैरहाजिर मिले व 4 अध्यापक लेट आए जबकि विद्यालय का समय साढ़े आठ बजे का है। फरीदाबाद की मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान लापरवाही करने वाले अध्यापको के खिलाफ रिपोर्ट बनाकर अपने उच्च अधिकारियों को सौंपी ताकि काम में लापरवाही करने वालों पर जल्दी कानूनी कार्यवाही की जाए।

बाढ़ पीड़ितों का बचाव कार्य जारी- विक्रम सिंह

Faridabad/Alive News

डीसी कम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि यमुना नदी के तटीय क्षेत्रों में खेतों आई बाढ़ पीडितो के बचाव कार्य जारी हैं। लोगों को घबराने जरूरत नहीं प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी पीड़ितों की मदद के अपने अपने इलाकों में मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहे हैं।

डीसी विक्रम सिंह आज बुधवार को दोपहर लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मुआवजे के लिए गिरदावरी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ के कारण जिन लोगों की मृत्यु हुई है उन लोगों को मुआवजा दिया जाएगा। वहीं जिन लोगों के घर मकान टूटे हैं या जिनकी फसलें बाढ़ के कारण खराब हुई है उन्हें भी मुआवजा दिया जाएगा।

तीनों एसडीएम हैं नोडल अधिकारी

एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल को फरीदाबाद ब्लाक के लिए, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया को बड़खल तिगांव ब्लाक के लिए और एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद को बल्लभगढ़ ब्लाक के लिए ओवर आल नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं स्वास्थ्य तथा पशुपालन विभाग के अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों व यमुना से सटे गांवों में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने के आदेश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि आमजन तथा पशुओं में किसी भी प्रकार की बीमारी ना फैले इसके लिए सभी कदम उठाए जाएं। डीसी ने डीडीपीओ राकेश मोर को सभी गांव में फॉगिंग कराने व बिजली विभाग को सभी लीगल कटे हुए कनेक्शन दोबारा स्थापित करने के भी निर्देश भी दिए।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि यमुना नदी के जलस्तर स्थिति पर नियंत्रण रखने और किसी भी असामान्य स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर 0129-2227937 जारी किया गया है।

डीसी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में किसी भी तरह से बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण रखने और किसी भी

असामान्य स्थिति पर रोक लगाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति की जानकारी देने के लिए संपर्क किया जा सकता है। इसी के दृष्टिगत यह नंबर जारी किया गया है जिस पर संबंधित सूचना जिला प्रशासन को दी जा सकती है और किसी भी प्रकार की सहायता के लिए संपर्क किया जा है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा भी उपलब्ध, सभी जरूरी दवाएं करवाई जा रही हैं मुहैया

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि यमुना में पानी आने से शेल्टर होम में रखे गए लोगों का स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसके लिए सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता के पर्यवेक्षण में स्वास्थ्य विभाग की 25 टीमों का गठन किया गया है। सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी तरह की दवाओं की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट सहित अलग-अलग स्थानों पर एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध हैं ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी व्यक्ति को समय पर सहायता प्राप्त हो सके।

सीएमओ डॉक्टर विनय गुप्ता खुद फील्ड पर सारी व्यवस्था का जायज़ा ले रहे हैं। यमुना में बढ़े जलस्तर के बाद आस-पास के गांवों में गंदे पानी से पैदा होने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर कदम उठाएं जा रहे हैं। सभी 14 शैल्टर होम में निरंतर लोगों का उपचार किया जा रहा है। यमुना से सटे गांव बसंतपुर, ददसिया, किडावली, लालपुर, मौजमाबाद, भस्कोला,महावतपुर, अमीपुर, सिधोला, चिरसी, कबूलपुर पट्टी महताब, कबूलपुर पट्टी परवरिश गांव, अकबरपुर, माजरा शेखपुरा, दयालपुर, मंझावली, गुरसान, नगला माजरा चांदपुर, शाहजहांपुर, शाहुपुरा, बिकुका, दुलहीपुर, नतीफपुर, जफरपुर माजरा छांयसा, छायंसा और मोहना, कांवरा, डूंगरपुर, रायपुर कलां, पल्हैड़ा और तिलोरी खादर में स्वास्थ्य विभाग मुस्तैदी से कार्य कर रही हैं। सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी की आवश्यकता है या किसी भी प्रकार की सूचना जिला प्रशासन को देनी है तो वे सेक्टर-12 स्थित डीआरओ कार्यालय में स्थापित किये गए बाढ़ नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन नंबर 0129-2227937 पर दे सकते हैं। बता दें कि पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा तथा डीसी विक्रम व अन्य अधिकारियों ने मिट्टी भरने के कार्य को मौके पर जाकर स्वयं देखा और इस कार्य में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए गए थे। वहीं डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुना नदी के तटीय क्षेत्रों में खेतों में पानी भरने के दौरान तमाशबीन लोग सड़कों पर आ गए थे। परन्तु जिला प्रशासन और समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पानी के भराव क्षेत्र को भी जल्द से जल्द खाली करते हुए सड़कों को यातायात के लिए उपयुक्त बनाने के निर्देश भी दिए थे। सभी सडकें वाहनों के लिए जल्द से जल्द खुलवा दी गई थी। इसके लिए हर सम्बंधित विभाग का सहयोग लिया गया। डीसी विक्रम ने बताया कि बांधों की मरम्मत का कार्य दिन-रात चला। इसके लिए व्यवस्था कर दी गई थी। प्रशासन और पुलिस द्वारा पूरी चौकसी बरतते किसी भी प्रकार की चिंता की जरूरत नहीं समझी। पूरा प्रशासन ग्रामीणों के साथ रहा। रिंग बांधो और मुख्य तटबंधों की मरम्मत पूरी होने तक प्रशासन द्वारा दिन रात कार्य किया गया। ग्रामीणों के सहयोग के लिए प्रशासन हर दम उपलब्ध रहा। किसी भी प्रकार की जलभराव सम्बंधी समस्या के समाधान के लिए आपदा प्रबंधन के लिए जिला सचिवालय में स्थापित किए गए कंट्रोल रूम में हेल्पलाइन नंबर 0129-2227937 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अवैध रूप से बनी दो करोड़ से अधिक कीमत की विदेशी और देसी ब्रांड की सिगरेट बरामद

Faridabad/Alive News

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम ने डबुआ पाली रोड पर अवैध रूप से चल रही विदेशी और देसी ब्रांड की सिगरेट बनाने वाली कंपनी पर छापा मार कर 51 हज़ार से अधिक सिगरेट की डबिया बरामद की है। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता को एक पत्र के माध्यम से सुचना मिली थी कि एक कंपनी में अवैध रूप से देसी और विदेशी ब्रांड की सिगरेट बिना कोटपा अधिनियम के विरूद्ध डबिया तैयार कर मार्किट में सप्लाई की जा रही है।मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम ने एक एनजीओ के साथ मिलकर निधि तम्बाकू कंपनी पर छापेमारी की जहा से 2 करोड़ से अधिक कीमत की विदेशी और देसी ब्रांड की सिगरेट बरामद हुई है। सोमवार को मुख्यमंत्री उड़न दस्ता को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि प्लाट नंबर 10 डबुआ पाली रोड फरीदाबाद में निधि तम्बाकू कंपनी में अवैध रूप से विदेशी तथा देशी ब्रांड की सिगरेट बनाई जाती है जिस की पैकिंग पर भी वैधानिक चेतावनी नहीं छापी जाती है।

इस सूचना के सम्बंध में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद की टीम द्वारा स्थानीय पुलिस और एक हृत्रह की मदद से देर रात को उक्त प्लांट को चेक किया। चेकिंग के दौरान इस तम्बाकू कंपनी में सिगरेट बनती हुई पाई गई। कर्मचारियों से पूछताछ में पता चला कि इस कंपनी के मालिक सत्येंद्र सेक्टर 21 के रहने वाले है। यह कम्पनी करीब 3 साल से चल रही है। यहाँ पर मात्र निधि पेरिस नाम के ब्रांड का लाइसेंस लिया हुआ है व उसके साथ ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए अन्य देशी और विदेशी कंपनियों के नाम की सिगरेट भी बनाई जाती है। इस फैक्ट्री के खिलाफ पहले भी मामला दर्ज किया जा चूका है। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम के निरीक्षण के दौरान कंपनी में पेरिस, ब्लैक, असलीटे तथा रेली, रैक्सी ब्रांड के सिगरेट के तैयार पैकेट पाए गए। इन पर कोटपा के नियमानुसार डबी पर वैधानिक चेतावनी की एडवरटाइजिंग प्रिंट नही पाई गई और ना ही कंपनी की तरफ से निरीक्षण अधिकारियो को कोई लाइसेंस नहीं दिखा पाए। निरीक्षण के दौरान कंपनी में लगभग 2 करोड़ 7 लाख रुपए से अधिक कीमत के 51760 पैकेट सिगरेट बरामद हुई जो अवैध थी और भारत मे इस प्रकार के पैकेट बेचना भी बैन है। सिगरेट की दबियो पर कोटपा का निर्धारित चेतावनी भी प्रिंट नही पाई गयी। इस मामले में NGO द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर थाना डबुआ में मामला दर्ज कराया गया है। अब स्थानीय पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों को कर्मचारी करें चिन्हित- डीसी

Faridabad/Alive News

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर लोगों को जागरूक करें। भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एसडीएम की अध्यक्षता में सबडिविजनल लेवल पर रेगूलर बैठकें करें और विभागों में आपसी सुझाव और तालमेल की कमी ना रहे। डीसी विक्रम सिंह आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में यह दिशा-निर्देश बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान की समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियो को दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। वहीं जिला फरीदाबाद में बेहतर लिंगानुपात करने के लिए सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल करके सुझाव सांझे करें । उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिला में अधिक लिंगानुपात तथा कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों को चिन्हित करके वहां के लोगों को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी तालमेल कर जन प्रतिनिधियों की भागीदारी करके जागरूक करें। डीसी विक्रम ने कहा कि कहा कि गर्भ में कन्या भ्रूण हत्या हमारे समाज पर एक कलंक है और इसका जड़मूल से खत्म करने के लिए हमें सक्रियता से प्रयास करने चाहिए। विक्रम सिंह ने जिला में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधिओं की एक-एक कर बिन्दुवार सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ जबाब देही के साथ समीक्षा की।

डीसी ने सीएमओ डॉ विनय गुप्ता व डिप्टी सीएमओ डॉ मान सिंह को दिशा-

निर्देश देते हुए कहा कि भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही करें। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मिल कर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करें। अवैध लिंग जांच में लिप्त अपराधियों को पकड़ने के लिए जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुखबिर योजना लागू की गई है, इसके अंतर्गत गुप्त तरीके से इस कार्य में लगे लोगों की सूचना देकर रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक गुप्तचर, एक मिथ्या ग्राहक और एक सहायक की टीम मिलकर योजना बनाकर कार्य करती है। डीसी ने कहा कि जिला की सभी ग्राम पंचायतो और शहर में वार्ड स्तर पर में बढ़ते और घटते लिंगानुपात के आकड़ो की सूचि बनाकर लगाई जाए।

पुलिस आयुक्त ने सराय थाने का किया औचक निरीक्षण, रिकार्ड्स किया जांच

Faridabad/Alive News

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा निरीक्षण करने के लिए फरीदाबाद के सेंट्रल जॉन में स्थित थाना सराय पहुंचे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त के साथ डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ तथा एसीपी सराय देवेंद्र यादव सहित अन्य पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस आयुक्त अक्सर विभिन्न थानों का दौरा करते रहते हैं और वहां पर कार्यरत पुलिसकर्मियों से उनके कार्यों की समीक्षा करके फीडबैक लेते हैं तथा थाना परिसर के साथ-साथ थाने के रिकॉर्ड की जांच भी करते हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त अपनी टीम के साथ पुलिस थाना सराय पहुंचे जहां थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनीत कुमार ने पुलिस आयुक्त व उनकी टीम का स्वागत किया। पुलिस आयुक्त ने थाने के भवन, पुलिसकर्मियों के रहने के बैरिक व अन्य स्थानों पर चेकिंग की तथा थाने के रिकॉर्ड चेक किए गए। उन्होंने थाने में उपलब्ध हथियारों को चेक किया। इसके साथ ही थाने में नए बने मालखाने को भी चेक किया गया। थाने का सौंदर्यकरण और रखरखाव को देख पुलिस आयुक्त बहुत खुश हुए और इसके लिए उन्होंने थाना प्रभारी व टीम की प्रशंसा की। थाने के सौंद्रीयकरण के बारे में थाना प्रभारी को हिदायत देते हुए बताया कि थाने में इसी प्रकार आगे भी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और थाने में अधिक से अधिक पौधे लगाकर थाने को और हरा-भरा बनाया जाए।

इसके अलावा थाने में तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत करके उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी

प्राप्त की और कहा कि यदि पुलिसकर्मियों को प्रकार की कोई समस्या है तो वह उन्हें बता सकते हैं। उनकी समस्याओं का तुरंत निपटारा किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने ट्रेनिंग कर रहे रंगरूट सिपाहियों से भी बात करके उनकी क्वालिफिकेशन के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने अनुसंधान अधिकारियों को उनके एरिया में अपराधियों पर नकेल कसकर अपराधों पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश दिए ताकि नागरिकों में कानून के प्रति विश्वास को बढ़ाया जा सके।

कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों को कर्मचारी करें चिन्हित- डीसी विक्रम सिंह

Faridabad/Alive News

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर लोगों को जागरूक करें। भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एसडीएम की अध्यक्षता में सबडिविजनल लेवल पर रेगूलर बैठकें करें और विभागों में आपसी सुझाव और तालमेल की कमी ना रहे। डीसी विक्रम सिंह आज वीरवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में यह दिशा-निर्देश बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान की समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियो को दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। वहीं जिला फरीदाबाद में बेहतर लिंगानुपात करने के लिए सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल करके सुझाव सांझे करें । उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिला में अधिक लिंगानुपात तथा कम लिंगानुपात वाले क्षेत्रों को चिन्हित करके वहां के लोगों को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी आपसी तालमेल कर जन प्रतिनिधियों की भागीदारी करके जागरूक करें। डीसी विक्रम ने कहा कि कहा कि गर्भ में कन्या

भ्रूण हत्या हमारे समाज पर एक कलंक है और इसका जड़मूल से खत्म करने के लिए हमें सक्रियता से प्रयास करने चाहिए। विक्रम सिंह ने जिला में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधिओं की एक-एक कर बिन्दुवार सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ जबाब देही के साथ समीक्षा की।

डीसी ने सीएमओ डॉ विनय गुप्ता व डिप्टी सीएमओ डॉ मान सिंह को दिशा-

निर्देश देते हुए कहा कि भ्रूण हत्या व लिंग जांच करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही करें। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मिल कर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करें। अवैध लिंग जांच में लिप्त अपराधियों को पकड़ने के लिए जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुखबिर योजना लागू की गई है, इसके अंतर्गत गुप्त तरीके से इस कार्य में लगे लोगों की सूचना देकर रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक गुप्तचर, एक मिथ्या ग्राहक और एक सहायक की टीम मिलकर योजना बनाकर कार्य करती है।

डीसी ने कहा कि जिला की सभी ग्राम पंचायतो और शहर में वार्ड स्तर पर में बढ़ते और घटते लिंगानुपात के आकड़ो की सूचि बनाकर लगाई जाए। जहां लिंगानुपात का आकड़ा सबसे कम हो वहां विभाग द्वारा जांच कराई जाए। वहीं गर्भवती महिलाओं को व उनके परिवारों को भ्रूण हत्या को रोकने बारे अधिक से अधिक भागीदारी और कॉंस्लिग सुनिश्चित करके जागरूक करें। वे गर्भवती महिलाओं की प्रभावी ट्रेकिंग एवं संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने की ओर विशेष कार्य योजना तैयार कर इस क्षेत्र में नवाचार करें। अवैध लिंग जांच व पीएनडीटी नियमों की उलंधना करने वालें सैन्टरों के खिलाफ जिला में सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। सभी सेंटरों को पीएनडीटी एक्ट के अनुसार सारी हिदायतें पूरी करनी होंगी।

बल्लबगढ रेलवे फ्लाईओवर से सोहना सड़क मार्ग, निर्माण कार्य के चलते 22 से 29 जुलाई तक बंद

Faridabad/Alive News

डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश अनुसार यातायात पुलिस की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है। बल्लबगढ रेलवे पुल फ्लाईओवर से सोहना की तरफ जाने वाला सड़क मार्ग, निर्माण कार्य के कारण 22 जुलाई से अगले 29 जुलाई तक पूर्णतया बंद रहेगा। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण के चलते अपनी मंजिल को सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिस के द्वारा जारी कि गई एडवाईजरी का पालन करें। सोहना की तरफ से आकर जिन वाहन चालकों को बल्लबगढ़ या दिल्ली की तरफ जाना है वो वाहन चालको के लिए सेक्टर-22-23 चौक से हार्डवेयर चौक से वाटा फ्लाईओवर का प्रयोग कर के नेशनल हाईवे से बल्लबगढ़ और दिल्ली की तरफ रूट डायवर्ट किया गया हैं, ओर जिन वाहन चालको बल्लबगढ़ बस स्टैण्ड से सोहना की तरफ जाना है उनके लिए बल्लबगढ से सेक्टर-58 के एल्सन चौक रेड लाईट या जेसीबी चौक से सेक्टर-58 चुंगी से सेक्टर-25-55 चौक से सिधे सोहना जा सकते है और जिन्हें एनआईटी में जाना है वो वाहन चालक सेक्टर-22-23 चौक से हाडवेयर चौक की तरफ रूट डायवर्ट किया गया है। ताकि आमजन को आवागमन में असुविधा ना हो। कृपया सभी वाहन चालक ध्यान दें और अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए एडवाइजरी के मुताबिक अपना अल्टरनेटिंग अपना मार्ग चुने और फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें. यदि कुछ समझ में ना आए या कोई क्लेरिफिकेशन हो या यातायात में किसी भी तरह की परेशानी के लिए 9582200138/0129-2225999 पर संपर्क कर सकते हैं।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सब्सिडी योजना लागू-डीसी

Faridabad/Alive News

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा उदय अभियान के तहत एक नई योजना हरियाणा महिला विकास के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं का आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता के लिए सब्सिडी योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत ऑटो रिक्शा, टेक्सी, सैल्युन, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटिक फोटो कॉपी की दुकान पापड़ बनाना आधार बनाना, हलवाई की दुकान फूड स्टॉल, आईसक्रीम बनाने को युनिट बिस्कुट बनाना हैण्ड लूम बैग बनाना, कँटीन सर्विस का अपना काम शुरू कर सकती है।

योजना की ऋण प्रक्रिया

हरियाणा मातृ शक्ति उद्यमिता योजना की ऋण प्रक्रिया इस प्रकार है। लाभार्थी को समय पर पुनर्भुगतान के मामले में हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा बैंकों द्वारा ली जाने वाली प्रचलित ब्याज दर पर तीन वर्षो के लिए 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी प्रदान किया जाएगा। अधिकतम ऋण सीमा 3 लाख रूपये तक है। ऋण के संवितरण के बाद अधिस्थगन अवधि तीन महीने की होगी। बैकों द्वारा बिना संपार्श्विक प्रतिभूति के योजना को कवर किया जाएगा।

यहां करें आवेदन

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि आवेदन करने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के कार्यालय का पता ये है। हरियाणा महिला विकास निगम छठी मंजिल, उपायुक्त कार्यालय, सेक्टर-12 के फोन नंबर-70154-87239 पर जानकारी ले सकते हैं।

आवेदक की पात्रता

हरियाणा महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक देशराज ने बताया कि आवेदक की पात्रता की जानकारी देते हुए बताया कि वह केवल हरियाणा की मूल निवासी महिलाएँ जिनकी परिवार पहचान पत्र के अनुसार 5 लाख रूपये से अधिक आय न हो। इस योजना के लिए लाभ पात्र है। इसके अलावा ईएमआई के भुगतान के चुक के मामले में विलंबित पर अर्जित पर अर्जित ब्याज के लिए कोई सब्सिडी नहीं दी जाएगी। हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा लाभार्थीयों के 36 महिने के लिए 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि दी जाएगी। वहीं ऋण के लिए आवदेन करने समय समावित लाभार्थी की आयु 18-60 वर्ष होनी चाहिए। योजना के अन्तर्गत ऋण प्राप्त करने के लिए दस्तावेज की सूची जरूरी है।

इनमें आवेदन पत्र, राशन कार्ड /परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोट, ट्रेनिंग सर्टिफिकेट/ अनुभव प्रमाण पत्र शामिल है।

दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग के आस पास के क्षेत्रों में अब नही भरेगा पानी, स्थाई समाधान शुरू

Faridabad/Alive News

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि शहर के बीच से गुजर रहे दिल्ली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग और दिल्ली-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग अब भविष्य में बरसाती पानी की क्रासिंग में बाधा नहीं बनेंगे। इसके लिए दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों पर तीन स्थानों पर बड़े पाईप दबाने का कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा तेज कर दिया गया है। अगले दस दिन में इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद इन पाईपों को नगर निगम द्वारा अपनी लाईनों से जोडक़र डिस्पोजल तक भेजा जाएगा और पूरा बरसाती पानी दिल्ली आगरा नहर तक पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर में बरसात के दौरान दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ सेक्टरों व कालोनियों में पानी भर जाता था। इससे यातायात बाधित रहने की समस्या भी रहती है। इसके बाद एनएचएआई के अधिकारियों को इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस पूरे मामले को दिल्ली में एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने उठाया गया और एनएचएआई ने इस पूरे मामले को लेकर सकारात्मक रुख दिखाया। अब इसमें जमीनी स्तर पर कार्य एनएचएआई द्वारा शुरू कर दिया गया है। इसके तहत तीन स्थानों जिनमें खेड़ी पुल के पास, नजदीक बीपीटीपी पुल (सेक्टर-13-14 डिस्पोजल) और डीएनडी-फरीदाबाद बाईपास-सोहना (एनएच-148एनए) सेक्टर-9 डिस्पोजल के पास पर 900 एमएम के पाईप दबाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि डीएनडी-फरीदाबाद बाईपास-सोहना (एनएच-148एनए) सेक्टर-9 डिस्पोजल से दिल्ली-आगरा रोड

(एनएच-19) व आस-पास के क्षेत्र में भरने वाले पानी के डिस्पोजल में मदद मिलेगी। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि इस कार्य के लिए एनएचएआई के अधिकारियों की नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग के साथ एक तालमेल टीम बनाई गई है। उन्होंने बताया कि कई क्षेत्रों में पानी भरने की समस्या के मद्देनजर यह कार्य शहर के लाखों लोगों के लिए राहत भरा कदम साबित होगा।

कृषि यन्त्र लेने के इच्छुक किसान 14 अगस्त तक करें ऑनलाइन आवेदन : डीसी

Faridabad/Alive News

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान फसल अवशेष प्रबन्धन के लिए इन सीटू क्रोप रेजीडयू मैनजमेंट स्कीम के तहत 50 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि व्यक्तिगत लाभार्थी किसान के लिए व 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि कस्टम हायरिंग सेन्टर या फिर एफपीओ स्थापना के लिए स्कीम के निर्देशानुसार कृषि यन्त्र अनुदान पर दिए जा रहे हैं। डीसी विक्रम ने आगे बताया की कृषि यन्त्र लेने के इच्छुक किसान कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा की वेबसाईट www.agriharyana.gov.in पर 14 अगस्त 2023 तक इन कृषि यन्त्रों पर आवेदन कर सकते हैं। व्यक्तिगत किसान के लिए आवेदन के लिए वांछित कागजात परिवार पहचान पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाते कि प्रति ट्रैक्टर की वैध आरसी जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, जमीन के विवरण कि प्रति किसान द्वारा स्वंय घोषणा पत्र की कृषि यन्त्र पर पिछले 2 वर्षों के दौरान 2021-22 व 2022-23 में किसी भी स्कीम में अनुदान का लाभ न लिया हो व फसल अवशेषों में आग न लगाई हो। अनुसूचित जाति से सम्बंधित किसानों के लिए जाति प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य है। व्यक्तिगत किसान द्वारा अधिक से अधिक 3 कृषि यन्त्रों पर आवेदन कर सकता है। किसान को कृषि यन्त्रों पर अनुदान का लाभ लेने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। यहां करें आवेदन- डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत काल में कस्टम हायरिंग स्थापना सेन्टर के लिए आवेदन के लिए वांछित कागजात ग्राम पंचायत या एफपीओ या फिर पंजीकृत किसान समिति का पंजीकरण संख्या, पैन कार्ड, आधार कार्ड, (प्रधान), ट्रेक्टर की वैध आरसी जिला फरीदाबाद में पंजीकृत, बैंक खाते का विवरण व कस्टम हायरिंग सेन्टर द्वारा स्व घोषणा पत्र कि 5 वर्ष की अवधि के दौरान वह कृषि यन्त्रों को अपने स्थान से दूसरी जगह स्थानान्तरण न करना न गिरवी रखना न बेचना व पराली में आग न लगाने बारे देना होगा। वहीं अनुसूचित जाति सम्बन्धित कस्टम हायरिंग सेन्टर में 40 प्रतिशत मेम्बर अनुसूचित जाति के होने अनिवार्य है। कस्टम हायरिंग स्थापना सेन्टर के लिए 15 लाख रुपये तक के कम से कम 3 व अधिक से अधिक 5 प्रकार के कृषि यन्त्र ले सकता है। जिस कस्टम हायरिंग सेन्टर द्वारा सी.आर.एम. स्कीम में पहले अनुदान का लाभ लिया है, वे आवेदन के पात्र नहीं होंगे। आवंटित लक्ष्य का 70 प्रतिशत लाभ लघु व सीमान्त किसानों को दिया जाएगा। विभागीय पोर्टल पर आवेदन करने वाले व्यक्तिगत किसानों व कस्टम हायरिंग सेन्टर या एफ.पी.ओ. का चयन जिला स्तरीय कार्यकारिणी कमेटी उपायुक्त विक्रम सिंह की अध्यक्षता में ऑनलाइन ड्रा द्वारा किया जाएगा।

D.A.V. School organized Inter House Yoga Competition

Faridabad/Alive News

"A contented soul, a clear mind, and a healthy body – Yoga can help you achieve all three."Under the guidance of the dynamic Principal, Ms. Deepti Jagota and Supervisory Head, Ms. Adarsh Sharma and the House in-charges, students of the Middle Segment of D.A.V. Public School, Sector 37, Faridabad demonstrated incredible yoga skills in the Inter House Yoga Competition which was held on July 14, 2023.

The event encompassed three captivating rounds, each highlighting the transformative power of Yoga. In the first round, the young yogis demonstrated individual asanas assigned by the judges, exemplifying their flexibility and focus. The second round witnessed unity and co-ordination of the participants as they performed synchronized asanas as a team. In the third round, the participants expressed their creativity, strength, poise, confidence and grace by performing their preferred asanas, leaving the audience spellbound. The judges were impressed by the dynamic performances of the participants which exemplified the profound impact of yoga on well-being of human beings. The event culminated with the School Principal, Ms. Deepti Jagota honouring the winners with certificates and prizes. Shivalik House won the First Position while Vindhyachal House bagged the Second Position and the Aravali House secured the Third Position. The event culminated with the Shanti Path and inspired all present to adopt a healthy lifestyle by incorporating Yoga into their life thereby benefitting from its goodness.

बल्लभगढ़ को मिलेगा 30 बेड का अस्पताल, कैबिनेट मंत्री ने निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

Faridabad/Alive News

बल्लभगढ़ के लोगों को 30 बेड का अस्पताल जल्द मिलेगा। रविवार को कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने लगभग 7 करोड 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अस्पताल की आधारशिला रखी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सर्व प्रथम सेक्टर- 62 मे पौधारोपण किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस अस्पताल के बनने से सेक्टर वासियों के साथ-साथ बल्लभगढ़ के आस पास के इलाकों के लोगों को भी स्वास्थ्य सम्बन्धी आधुनिक तकनीकी सेवाओं का लाभ पहुंचेगा। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में महिला कॉलेज के साथ साथ नए स्कूल के आधुनिक तकनीकी से बनाए जा रहे भवनों का निर्माण कराया गया है। अगस्त माह में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बल्लभगढ़ में एलिवेटेड पुल और सेक्टर- 23 में बनाए जाने वाले राजकीय को एड कॉलेज की आधारशिला रखेंगे। इन कार्यक्रमों के अलावा भी परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे और इसी दौरान उन्होंने आईएमटी में फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भी शिरकत की। इस दौरान चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, भाजपा जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, टिपरचंद शर्मा, एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण कौशिक सहित अन्य मौजूद रहे।

रोजगार मेले के तहत फरीदाबाद से 42 अभियार्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

Faridabad/Alive News

